**Regarding need to provide the electricity and pucca roads in Lawalong Block in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid**

**श्री काली चरण सिंह (चतरा) :** आजादी के 77 वर्ष हो गए पर हमारे संसदीय क्षेत्र चतरा के अंतर्गत लावालौंग एक ऐसा प्रखंड है जहां अब तक बिजली और पक्की सड़क की सुविधा उपलब्ध नहीं है । इस प्रखंड में 50% आदिवासी, 30% अनुसूचित जाति तथा 20% ओबीसी आबादी की बसावट है । मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूँ कि बगहा मोड़ NH. 22 से पांकी तक 30 किलोमीटर पक्की सड़क बन जाने से दो जिले जुड़ जाएंगे । साथ ही 70 हजार की आबादी लाभान्वित होगी और मेरा माननीय ऊर्जा मंत्री जी से आग्रह होगा कि बिजली के लगे पोल पर तार टंगवा कर के इन ग्रामों में बिजली पहुंचाने का कष्ट करें ताकि यहां के गरीब बच्चे भी पढ़ लिख सके और टीबी, कम्प्यूटर और इंटरनेट का इस्तमाल कर सके । अतः माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री और माननीय ऊर्जा मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि सड़क और बिजली का कनेक्शन इन गाँवों में देकर लोगों को बेहतर जीवन स्तर देने में सहायक सिद्ध होंगी बल्कि विकास का मार्ग भी खुलेगा ।